# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 239 / 2023 दिनांकः—12 जनवरी, 2023

**सेवा में,**

**प्राचार्य / प्राचार्या / प्रबन्धक,**
**समस्त** महाविद्यालय,
**संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,**
**अलीगढ।**

**विषयः—जी—20 सम्मेलन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक शासन के पत्र सं0—102 / सत्तर—3—2023 दिनांक 12 जनवरी, 2023 (प्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें जो जी—20 सम्मेलन के दौरान महाविद्यालयों द्वारा विभिन्न गतिविधियॉ / क्रियाकलाप कराये जाने के सम्बन्ध में है।

शासन के पत्र में दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन में समस्त महाविद्यालय निर्देशानुसार अपने स्तर पर गतिविधियॉ / क्रियाकलाप संचालित किया जाना सुनिश्चित करें।
संलग्नकः—यथोपरि।

**भवदीय,**
12/1/23
**(महेश कुमार)**
**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग—3 उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़।
4. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. सम्पादक समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक जागरण पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
6. गार्ड फाईल।

**सहायक कुलसचिव**

V letter

संख्या– 102 / सत्तर–3–2023

प्रेषक,

**डा0 सुधीर एम0 बोबड़े,**
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. **अपर मुख्य सचिव,**
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. **अपर मुख्य सचिव,**
अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. **प्रमुख सचिव,**
प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. **प्रमुख सचिव,**
आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. **प्रमुख सचिव,**
चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
6. **निदेशक,**
उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
7. **कुलसचिव,**
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

**उच्च शिक्षा अनुभाग–3** **लखनऊ : दिनांक :12 जनवरी, 2023**

**विषयः– जी–20 सम्मेलन के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–4103/सत्तर–3–2022, दिनांक 30.11.2022, पत्र संख्या–4301/सत्तर–3–2022, दिनांक 21.12.2022 एवं पत्र संख्या–16/सत्तर–3–2023, दिनांक 03.01.2023 की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारत सरकार द्वारा दिनांक 01.12.2022 से दिनांक 03.11.2023 के मध्य जी–20 सम्मेलन की मेजबानी किया जाना प्रस्तावित है। जी–20 सम्मेलन की कतिपय बैठकों की मेजबानी प्रदेश के जनपदों–आगरा, वाराणसी, लखनऊ एवं ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर) में कुल 11 बैठकों का आयोजन प्रस्तावित है।

2– उक्त के आलोक में शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि यह उ0प्र0 राज्य के विकास, बुनियांदी ढांचे, संस्कृति और विरासत के स्तर को दुनिया के सम्मुख प्रदर्शित करने का एक बड़ा अवसर है। तत्क्रम में जी–20 सम्मेलन के सफल संचालन के दृष्टिगत निम्नवत बिन्दुओं पर कार्यवाही किये जाने हेतु युद्धस्तर पर कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित कराने का कष्ट करें:–

**2.1** जी–20 सम्मेलन का प्रदेश में प्रचार–प्रसार हेतु विश्वविद्यालयों (राजकीय/प्राइवेट/तकनीकी/मेडिकल) से 100–150 शिक्षकों का चयन कर उनका लखनऊ में प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इन प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रशिक्षणोंपरान्त प्रदेश के अन्य शहरों/विश्वविद्यालयों में जाकर जी–20 सम्मेलन की थीम पर आधारित वाद विवाद, प्रतियोगिता, सिम्पोजियम, इत्यादि के कार्यक्रमों एवं गोष्टियों के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जाये।

**2.2** जी–20 सम्मेलन हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित जी–20 लोगो, थीम एवं रंग के प्रदेश में व्यापक प्रचार प्रसार हेतु ऐतिहासिक इमारतों स्कूल, कालेजों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, हस्तशिल्प मेलों एवं नृत्य गायन प्रतियोगिताओं में किया जाय तथा विभागीय बैठकों के बैकग्राउण्ड में जी–20 लोगो का प्रयोग किया जाय।

MANI G.O.

2.3 जी–20 सम्मेलन के प्रति जागरूकता एवं अवेयरनेस हेतु शैक्षणिक संस्थानों में इवेन्ट/क्विज/निबन्ध/पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित करायी जाय। जी–20 सम्मेलन की मेजबानी करने वाले शहरों में प्रदेश के युवा चित्रकारों के चित्रों की प्रदर्शनी शहरों की थीम पर आधारित का आयोजन किया जाये। इसके अतिरिक्त पुस्तक मेला, योगा चैलेंज, क्राफ्ट मेला, स्कूल स्तर पर नृत्य एवं संगीत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाये।

2.4 प्रदेश सरकार के सभी विभागों/कार्यालयों/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों द्वारा प्रत्येक आयोजन/पत्राचार के दौरान जी–20 लोगो का प्रयोग किया जाय।

3 – यह भी अवगत कराना है कि जी–20 सम्मेलन हेतु उच्च शिक्षा विभाग में डॉ0 अखिलेश कुमार मिश्रा, विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। सम्प्रेषण हेतु मोबाइल नंबर–9412200877 एवं ई मेल आई0डी0 splsecretaryhe@gmail.com है।

भवदीय,

12.1.2023

( डा0 सुधीर एम0 बोबड़े )
प्रमुख सचिव।

**संख्या–102 (1)/सत्तर–3–2023–तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या–32/नौ–5–2023 दिनांक 06–01–2023 के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित।

2– कुलपति समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

( सर्वेश कुमार सिंह )
संयुक्त सचिव।

12.01.2023
12.1.2023